स्नातक शिक्षक निर्वाचन :महराजगंज में 81.41 प्रतिशत मतदान

महराजगंज आज। गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के तहत शुक्रवार को जिले में मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुआ। जनपद में कुल 81.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 3,572 पंजीकृत मतदाताओं में से 2,908 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 2,319 पुरुष और 589 महिला मतदाता शामिल रहे।जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने फरेंदा, लक्ष्मीपुर, बृजमनगंज और सदर ब्लॉक स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सभी केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मिली।जिलाधिकारी ने अधिकारियों



और कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने तथा मतदान केंद्रों पर केवल अधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश देने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं की सुविधा और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मियों को सतर्कता बरतने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।


मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिलाधिकारी ने इसकी निगरानी की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।

समाज सेवी एवं खिलाड़ियों के शिकायत पर खेल मैदान की हुई साफ- सफाई

सिंदुरिया । विकास खण्ड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंदुरिया मिडिल स्कूल वाली गली के पास स्थित खेल मैदान सुविधाओं और साफ सफाई के अभाव में वर्षों से उपेक्षित है।खेल मैदान की समुचित देखभाल एवं साफ सफाई न होने से खेल मैदान परिसर में झाड़ियां और खर पतवार उग जाने से खिलाड़ियों को अनहोनी की आशंका हमेशा सताती रहती है।क्रिकेट खिलाड़ियों ने इसकी जानकारी सिंदुरिया निवासी समाज सेवी विजय यादव को दिया।जिसको गंभीरता से लेते हुए समाज सेवी विजय यादव ने खण्ड विकास अधिकारी मिठौरा राहुल सागर सौर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल से मिल कर समस्या को अवगत कराया। जिसका संज्ञान लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी मिठौरा राहुल सागर ने खेल मैदान की साफ सफाई और लाइट को ठीक कराने का आश्वासन दिया। निर्देश का अनुपालन करते हुए सफाई कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए 23 अक्टूबर 2026 को खेल मैदान परिसर की साफ सफाई किया।खिलाड़ियों में सानू मोदनवाल,हिमांशु पाठक,गोलू,मोहम्मद अली,अंकुर,सिद्धिक आलम,पिंटू अन्य सक्रिय रूप से पहल किया।

हरखपुरा में 3.17 करोड़ से बनेगा बारात घर, सदर विधायक ने किया शिलान्यास

महराजगंज आज। सिसवा विकासखंड की ग्राम पंचायत हरखपुरा में शुक्रवार को सदर विधायक जयमंगल कनौजिया ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का



परफॉर्मेंस ग्रांट के तहत प्रस्तावित बारात घर का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया। शुभारंभ किया। इस परियोजना पर करीब 3.17 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 11 माह की समयसीमा निर्धारित की गई है। कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड कंस्ट्रक्शन, पटना है।विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का उद्देश्य बुनियादी सुविधाओं के साथ जनसामान्य की जरूरतों को पूरा करना भी है। बारात घर बनने से ग्रामीणों को मांगलिक कार्यक्रमों, सामाजिक समारोहों और सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा मिलेगी। इससे सामाजिक सहभागिता और आपसी सौहार्द को भी बढ़ावा मिलेगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा ने कहा कि ऐसे सार्वजनिक भवन ग्रामीणों की सामाजिक जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में महिलाओं ने मंगलगीत गाकर उत्सवी माहौल बनाया। इस दौरान मेवाती देवी, राम गोपाल यादव, ग्राम पंचायत सचिव शशिकांत पाण्डेय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोपाल यादव सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अनुशासन और एकाग्रता कैडेट्स की सफलता का आधार-कर्नल जयशंकर चौधरी

सिसवा बाजार आज। परमहंस पाल पीजी कॉलेज गुरली, सवया में 102 यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का अभ्यास कराया गया।शिविर में फायरिंग, ड्रिल, खेलकूद और शारीरिक योगाभ्यास के माध्यम से कैडेट्स को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयशंकर चौधरी और प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने प्रशिक्षण गतिविधियों का निरीक्षण किया। कर्नल चौधरी ने कहा कि अनुशासन, एकाग्रता और शारीरिक दक्षता कैडेट्स की सफलता का आधार हैं। उन्होंने प्रशिक्षण को गंभीरता और समर्पण के साथ पूरा करने के लिए प्रेरित किया।पीआई स्टाफ ने कैडेट्स को कदमताल, सावधान, विश्राम और सलामी सहित विभिन्न ड्रिल का अभ्यास कराया। इससे उनमें समयबद्धता, एकरूपता और सामूहिक समन्वय विकसित करने पर जोर दिया गया।इस दौरान एएनओ लेफ्टिनेंट हेमंत यादव, लेफ्टिनेंट सर्वजीत सिंह, शत्रुघ्न, अभिषेक साहनी तथा सेकंड ऑफिसर वैभव दुबे, आशीष सिंह और डॉ. नवनीत कमल ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देकर कैडेट्स का मार्गदर्शन किया।

फरार आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

महराजगंज (आज)। साइबर क्राइम थाना महराजगंज क्षेत्र से संबंधित एक मामले में गंभीर धारा मु0अ0संख्या,26/2026 धारा 319(2)318(4)336(3)338,6



1(2)एवं धारा 66(ष्ट)66(ष्ठ)ड्ड्ड्ड्ड्ड में वांछित आरोपी वसीमउल्लाह उर्फ वसीम पुत्र समीउल्लाह उर्फ समीम आदि की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने फरार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय की प्रक्रिया के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा कर आगे की कार्रवाई की चेतावनी दी है।साइबर क्राइम थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपी बसीमुल्लाह उर्फ बसीम पुत्र समीउल्लाह उर्फ समीम, निवासी बरियारपुर,थाना भिटौली जनपद महराजगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से कई बार संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी कराया था। इसके बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने अब कुर्की की नोटिस चस्पा कर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है और उसे गिरफ्तार करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। फरार आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रबी सीजन की तैयारी में जुटें किसान, सरसों और गेहूं बीज की बुकिंग शुरू, बिना अग्रिम बुकिंग के बीज मिलना मुश्किल

महराजगंज।रबी सीजन को देखते हुए किसानों के लिए मिनीकिट सरसों बीज और सामान्य गेहूं बीज की बुकिंग की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। किसानों को समय रहते बीज की बुकिंग कराने की सलाह दी जा रही है, ताकि बुवाई के समय बीज की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।किसानों के लिए जारी सूचना के अनुसार, इस बार बिना अग्रिम बुकिंग के बीज मिल पाना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में सरसों और गेहूं की खेती की तैयारी कर रहे किसान समय रहते अपनी बुकिंग अवश्य करा लें। अंतिम समय तक इंतजार करने से बीज प्राप्त करने में दिक्कत हो सकती है।कृषि कार्यों की समयबद्ध तैयारी के लिए किसानों से अपील की गई है कि वे रबी सीजन की जरूरत के अनुसार बीज की बुकिंग समय से पूरी कर लें, जिससे बुवाई के दौरान अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

श्यामदेउरवा। (आज) श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के बुद्धिरामपुर गांव में 27 वर्षीय



एक विवाहिता मरियम की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। परिजन उसे परतावल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मरियम बुद्धिरामपुर के शमशेर की पत्नी थी। उसके पिता आलमगीर सियरहिभार गांव के रहने वाले हैं। परिजनों ने मरियम के पति के चाचा पर आरोप लगाए हैं। मरियम की शादी बीते वर्ष 2019 में प्रेम विवाह के तौर पर हुई थी। उसके दो बेटे हैं, हसनैन (5 वर्ष) और अब्दुर्रहमान (3 वर्ष) के है। घटना के बाद परिवार में दुख का माहौल है। थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच चल रही है, जिसके बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

जिले से बाहर रहकर भी जनता से जुड़ेंगे पंकज चौधरी, हर शनिवार होगी वीडियो जनसुनवाई

महराजगंज आज। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज



चौधरी ने शुक्रवार को अपने आवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनता की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित लोगों की शिकायतों पर अधिकारियों से बात कर उनके निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारियों के चलते उन्हें अक्सर जिले से बाहर रहना पड़ता है। इसके बावजूद क्षेत्र की जनता से संवाद बनाए रखना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनसुनवाई की शुरुआत की गई है।उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक शनिवार को सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक वीडियो जनसुनवाई होगी। इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के साथ संबंधित अधिकारियों से संवाद कर उनके समयबद्ध निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान मंत्री प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा, डॉ. शांतिशरण मिश्रा, जनार्दन पटेल, राधेश्याम कन्नौजिया, मेवालाल, विजय गौड़, अशोक पटेल और लालजी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था सानन्दन पटेल ने कराई।

कुमार सानू के साथ राजशेखर का नया गीत 'यार खफा' रिलीज, पूर्वांचल का नाम किया रोशन

महराजगंज आज। पूर्वांचल की प्रतिभा ने एक बार फिर मायानगरी मुंबई में अपनी पहचान दर्ज कराई है। क्षेत्र के उभरते गायक राजशेखर का बॉलीवुड के मशहूर पार्श्वगायक एवं पद्मश्री सम्मानित कुमार सानू के साथ नया गीत 'यार खफा' रिलीज हुआ है। इस उपलब्धि से उनके परिवार और क्षेत्र के संगीत प्रेमियों में खुशी का माहौल है।



छोटे शहरों से निकलकर मुंबई की संगीत दुनिया में अपनी जगह बनाने का राजशेखर का सफर युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। वह ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में कार्यरत अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार भारती के छोटे भाई हैं। राजशेखर के इससे पहले भी कई गीत रिलीज हो चुके हैं, लेकिन कुमार सानू जैसे दिग्गज गायक के साथ गीत प्रस्तुत करना उनके संगीत करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।F1 Records के बैनर तले रिलीज हुआ गीत 'यार खफा' गीत को स्त्र1 ऋद्धष्भह्स्त्रह्य के बैनर तले रिलीज किया गया है। गीत के बोल और संगीत शब्बीर अहमद ने तैयार किए हैं। मधुर संगीत और भावपूर्ण गायकी से सजे इस गीत को संगीत प्रेमियों का प्यार मिल रहा है। गीत यूट्यूब पर उपलब्ध है।राजशेखर की इस उपलब्धि पर उनके बड़े भाई प्रवीण कुमार भारती ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह उनके परिवार के साथ-साथ पूरे पूर्वांचल के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। राजशेखर ने अपनी मेहनत, लगन और संगीत के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है।उन्होंने क्षेत्रवासियों और संगीत प्रेमियों से अपील की कि वे 'यार खफा' गीत को सुनें और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर राजशेखर का उत्साहवर्धन करें। राजशेखर की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

अंजलि वर्मा बनीं कनिष्ठ सहायक, परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर

आनंदनगर आज। आदर्श नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर आठ गांधी नगर निवासी नंदकिशोर वर्मा की बेटी अंजलि वर्मा ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी), लखनऊ की परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन कनिष्ठ सहायक के पद पर हुआ है। विभाग आवंटन सूची के अनुसार उन्हें निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में तैनाती मिली है।अंजलि की सफलता की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों और क्षेत्रवासियों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा पटाखे फोड़कर खुशी मनाई।अंजलि ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और भाइयों को देते हुए कहा कि परिवार के सहयोग, प्रोत्साहन और विश्वास ने उन्हें लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही बेटियों को प्रेरणा मिली है। क्षेत्रवासियों ने अंजलि को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा की गुटबाजी की चर्चा, फरेंदा में राम प्रकाश सिंह ही दिखे सक्रिय

आनन्दनगर (आज)। गोरखपुर - फैजाबाद स्नातक शिक्षक एमएलसी चुनाव के मतदान के दौरान शुक्रवार को फरेंदा ब्लॉक में समाजवादी पार्टी का कोई अन्य प्रमुख स्थानीय नेता नजर नहीं आया। इसे लेकर क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में पार्टी की



समाजवादी पार्टी की स्थानीय सक्रियता चर्चा का विषय बनी रही। मतदान केंद्र (कैंप)पर ब्लॉक प्रमुख राम प्रकाश सिंह के अलावा नेताओं की मौजूदगी पर भी लोगों की नजर रही। फरेंदा ब्लॉक में सपा की ओर से केवल राम प्रकाश सिंह की उपस्थिति दिखाई देने की बात सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर पार्टी के अन्य नेताओं की गैरमौजूदगी को लेकर सवाल उठने लगे।हालांकि, मतदान केंद्र पर अन्य नेताओं की अनुपस्थिति के पीछे क्या वजह रही, इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में इसे सीधे तौर पर गुटबाजी का परिणाम कहना जल्दबाजी होगी। फिलहाल, शिक्षक एमएलसी चुनाव के दौरान फरेंदा में सपा नेताओं की सीमित मौजूदगी स्थानीय राजनीतिक चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

एकजुटता और आपसी तालमेल को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।शिक्षक एमएलसी चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों की सक्रियता और शिक्षक एमएलसी चुनाव के दौरान फरेंदा में सपा नेताओं की सीमित मौजूदगी स्थानीय राजनीतिक चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

मिलेट प्रतियोगिता का आयोजन

झुलनीपुर।22 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, महराजगंज में शक्ति सिंह ठाकुर , कमांडेंट के मार्गदर्शन तथा श्रीमती ऋचु ठाकुर, संदीक्षा अध्यक्षा के नेतृत्व में संदीक्षा के अंतर्गत मिलेट प्रतियोगिता एवं बेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम में संदीक्षा की सदस्याओं, बच्चों, समस्त अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रतियोगिता के माध्यम से मिलेट (श्री अन्न) के महत्व एवं बेकिंग कला को प्रोत्साहित किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संदीक्षा अध्यक्षा द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेलो का आयोजन

निचलौल (आज)। नगर निचलौल के किसान डिग्री कॉलेज दामोदरी पोखरे पर दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के बच्चों ने अपने दमखम का परिचय दिया।खेलो में दौड़,प्राथमिक व जूनियर वर्ग,खो खो व अन्य खेलो का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों को प्रथम द्वितीय,व तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया।जिसमें प्राथमिक बालक संवर्ग 50 मीटर में परवेज बीसोखोर को प्रथम,ऋषिकेश वैदौली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तो वहीं बालिका संवर्ग में परी कपरौली को प्रथम व जोया लोहरौली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।100 मीटर बालक में नमन जमुई कला को प्रथम ,व परवेज बीसोखोर को द्वितीय घोषित किया गया।100 मीटर बालिका संवर्ग में ज़रीना खातून ओरवलिया को प्रथम, जोया खातून लोहरौली को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।200 मीटर बालक संवर्ग में विष्णु चौहान बेदौली प्रथम,कृष्ण कुमार लोहरौली को द्वितीय,घोषित किया गया।वही 200 मीटर बालिका संवर्ग में खुशबू गौड़ प्रथम,खुशबू लोहरौली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।जूनियर वर्ग बालक 100 मीटर में आदित्य बंजारी पट्टी,प्रथम,आलम गुरली रामगढ़वा को द्वितीय स्थान मिला।200 मीटर बालक ओम भारती मिश्रवालिया, प्रथम,आलम बीसोखोर को द्वितीय,स्थान तो वहीं 400 मीटर दौड़ में मन्नू भारती मिश्रवालिया को प्रथम,व्यास चौहान वैदौली को द्वितीय स्थान मिला,400 मीटर बालिका संवर्ग में सहाना मिश्रवालिया को प्रथम व शीतल मिश्रौलिया को द्वितीय स्थान से सम्मानित किया गया।

जेएचबी शुगर मिल गडौरा को झटका दूसरी मिले को गन्ना आवंटित

झुलनीपुर (आज)। तहसील क्षेत्र के जेएचबी शुगर मिल को गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं करने का असर शुगर मिल पर भारी पड़ गया है। गन्ना आयुक्त ने आगामी पेराइ सत्र के लिए गडौरा मिल को गन्ना देने के प्रस्ताव को खारिज कर दी है। इसके बाद गडौरा क्षेत्र के गन्ने को कुशीनगर गोरखपुर और महराजगंज की दूसरी चीनी मिलों को देने का फैसला लिया गया है।इससे गडौरा मिल अगले पेराई सत्र में चलने पर संकट खड़ा हो गया है। पिछले पेराई सत्र में गडौरा चीनी मिल को 60.73 लाख कुंतल गन्ना आवंटित हुआ था। लेकिन इस बार किसानों का बकाया भुगतान लंबित होने और मिल की मौजूदा स्थिति को देखते हुए गन्ना आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली। गन्ना आयुक्त के आदेश के अनुसार गडौरा क्षेत्र के सभी केंद्र का गन्ना दूसरी मिल को आवंटित कर दिया गया है। इसमें कुशीनगर की हाटा, रामकोला, गोरखपुर की पिपराइच और महराजगंज की सिसवा बाजार चीनी मिल शामिल है। महराजगंज जिले में तकरीबन 20 हजार हेक्टेयर जमीन पर गन्ने की खेती होती है। इस साल औसतन 715 कुंतल प्रति हेक्टेयर उत्पादन के अनुमान के आधार पर करीब 1.43 करोड़ क्विंटल गन्ना पैदा होने की उम्मीद है। गडौरा मिल को गन्ना आवंटित नहीं होने से उनके क्षेत्र के किसानों को दूसरी चीनी मिलों को केंद्र पर गन्ना पहुंचना होगा। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए नई व्यवस्था के अनुसार काम करना पड़ेगा। गडौरा चीनी मिल को गन्ना आवंटन नहीं मिलने के पीछे किसानों के बकाया भुगतान का मामला अहम है। भुगतान लंबित रहने और बकाया चुकाने की जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं होने के कारण मिल को आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ना नहीं दिया गया है। अब देखना होगा कि किसानों के बकाया भुगतान और मिल संचालक को लेकर आगे क्या कदम उठाए जाते हैं। गन्ना आवंटन इस प्रकार हुआ है। डोमा फॉर्मे चीनी मिल सिसवा बाजार, जय श्री प्रथम चीनी मिल पिपराइच, जय श्री द्वितीय चीनी मिल हाटा, बहुआर चीनी मिल सिसवा, बजही चीनी मिल सिसवा, पिपरा काजी प्रथम चीनी मिल रामकोला, पिपरा काजी द्वितीय चीनी मिल रामकोला, लेदी चीनी मिल हाटा, बजहा प्रथम चीनी मिल हाटा, बजहा द्वितीय चीनी मिल सिसवा, मिश्रौलिया प्रथम चीनी मिल हाटा, मिश्रौलिया द्वितीय चीनी मिल रामकोला, बैठवलिया चीनी मिल हाटा, झुलनीपुर चीनी मिल हाटा, मील गेट चीनी मिल पिपराइच, हाटा, रामकोला को आवंटित किया गया है।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आशा कार्यकत्रियों का आंदोलन 16वें दिन भी जारी

सिंदुरिया आज। आशा कार्यकत्री एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की महराजगंज इकाई के आह्वान पर मिठौरा ब्लॉक की आशा कार्यकत्रियों और आशा संगिनियों का पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन शुक्रवार को 16वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम संबोधित मांगपत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधीक्षक डॉ. दयानंद सिंह को सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष जमीरुन निशा के निर्देश पर और ब्लॉक प्रतिनिधि प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित आंदोलन में आशा कार्यकत्रियों ने अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आशा कार्यकत्रियों ने टीकाकरण, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और कोरोना महामारी के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।प्रमुख मांगों में राज्य कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप निश्चित मानदेय, दस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, मृतक आश्रितों को नौकरी तथा समान वेतन और अधिकार शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रसव संबंधी कार्य जारी रहेगा।

महात्मा गांधी इंटर कॉलेज जमीन मामले में पुराना आदेश रद्द, अगली सुनवाई 28 को

सिसवा बाजार (आज)। स्थानीय महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की जमीन मामले में अधिशासी अधिकारी नपाप सिसवा द्वारा कायमी प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए 2001 के फैसले को रद्द कर एसडीएम निचलौल कोर्ट ने अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को निर्धारित की है। मा.एसडीएम कोर्ट निचलौल ने एक आदेश पारित करते हुए कहा है कि मश गांश इंश कालेज के जमीन से जुड़े 14 गाटा संख्याओं के कुल रकबा 2.416हे0 के बावत 29 मई 2001 को पारित आदेश के विरुद्ध अधिशासी अधिकारी नपाप सिसवा ने अनुरोध किया है कि विवादित अराजियात ग्रामसभा सिसवा खुर्द में स्थित था जिसका मालिकाना हक ग्राम प्रधान का था। अब टाउन एरिया के विस्तृतकरण के बाद 2019 में सिसवा खुर्द नगर पालिका सिसवा बाजार में शामिल हो गया। जो अब नगर पालिका की भूमि हो गयी है। जिसपर फर्जी तौर पर फर्जी साक्ष्य व सबूत के आधार पर प्रतिवादी प्रबन्धक महात्मा गाँधी इण्टर कालेज सिसवा बाजार जो सीलिंग से प्रभावित व्यक्ति है, और मश गाँश इण्टर कालेज बनाम ग्रामप्रधान वगैरह के नाम वाद दाखिल कर न्यायालय को गुमराह कर दिनांक-29.05.2001 को बंजर के खाते से खारिज कर उक्त भूमि को महात्मा गाँधी इण्टर कालेज के नाम दर्ज कराया गया है, जो विधि विरूद्ध है। ग्रामसभा की भूमि को बंजर के खाते से खारिज कर किसी व्यक्ति या संस्था के नाम दर्ज किये जाने का न्यायालय को अधिकार नहीं है। जिसके आधार पर कायमी प्रार्थना पत्र दाखिल कर दफा 5 भारतीय मियाद कानून का लाभ देते हुए कायमी स्वीकार कर 29.05.2001 के आदेश को निरस्त कर यथाशीघ्र निस्तारण हेतु मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-26770/2026 चेयरमैन नपा परिषद सिसवा बाजार व अन्य बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व 04 अन्य दाखिल कर वाद का निस्तारण यथाशीघ्र किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त है। जिस क्रम में दोनों पक्षों के सुनवाई के बाद काइमी स्वीकार कर 28 अक्टूबर को मूल वाद पर आपत्ति या साक्ष्य प्रस्तुत करने की अग्रिम तिथि निर्धारित है।